अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 4 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण-चतुर्थी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO: IV MIDDLE

# फाइटर ने रॉयल को दो रन से हराया

**बरेली।** एसआरएमएस समर कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। एसआरएमएस फाइटर ने एसआरएमएस रॉयल को दो रन से शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की। अंतिम ओवर तक चले इस मैच ने मैदान पर मौजूद दर्शकों की सांसें थामे रखीं। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस फाइटर की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 142 रनों का स्कोर खड़ा किया। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस रॉयल की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन फाइटर के गेंदबाजों ने सूझबूझ से गेंदबाजी करते हुए मैच में अपनी पकड़ ढीली नहीं होने दी। उतार-चढ़ाव से भरे इस मैच में रॉयल की पूरी टीम 22 ओवरों में 140 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। एसआरएमएस फाइटर की इस रोमांचक जीत के नायक प्रांशु रहे। संवाद